**पूर्व मध्य रेल**

कार्यालय
महाप्रबंधक / कार्मिक
हाजीपुर

सं0 –ईसीआर / एचआरडी / एमपीपी / Skill Development/2015 दिनांक : 02.01.2024

**मुख्य जनसंपर्क अधिकारी**
**पूर्व मध्य रेल, हाजीपुर**

**विषय–सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित करने के संबंध में।**

****

पूर्व मध्य रेल के विभिन्न प्रशिक्षण केन्द्रों में रेल कौशल विकास योजना के अन्तर्गत नवयुवको / नवयुवतियों के लिए लघु अवधि (3 सप्ताह) के तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

इसके तहत Electrician, Welder, Fitter, Machinist, Electronics & Instrumentation ट्रेडों में प्रशिक्षण के अगले बैचों के लिए आवेदन की सांकेतिक सूचना प्रमुख समाचार पत्रों (अंग्रेजी एवं हिन्दी भाषाओं में यथा रूप) में दिनांक : 06.01.2024 को या इससे पूर्व प्रकाशित करने की व्यवस्था की जाए। जिसकी प्रति **अनुलग्नक –"क"** संलग्न है।

प्रकाशन व्यय लेखाशीर्ष 03–313–99 में प्रभार्य होगें जहॉ वर्ष 2023–24 हेतु आवश्यक निधि उपलब्ध है।

उपरोक्त अधिसूचना (द्विभाषी रूप में) पूमरे के वेबसाइट लिंक **www.ecr.indianrailways.gov.in→HajipurHQ→Personnel→TrainingCentres→Rail KaushalVikasYojna** पर अपलोड कर दिया गया है।

संलग्नकः यथोक्त।

02/1/2024

**(प्रभात कुमार)**
**सहायक कार्मिक अधिकारी / एमपीपी**
**कृते महाप्रबंधक / कार्मिक**

<u>पूर्व मध्य रेल</u>

# रेल कौशल विकास योजना के तहत युवाओं के कौशल विकास हेतु तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम की संक्षिप्त सूचना

सं0 –ईसीआर / एचआरडी / एमपीपी / Skill Development/2015 दिनांक 02.01.2024

रेल कौशल विकास योजना के अंतर्गत वर्ष 2023–24 के आगामी बैच के लिए पूर्व मध्य रेल के 04 नामित प्रशिक्षण केन्द्रों पर नवयुवकों / नवयुवतियों केलिए लघु अवधि (3 सप्ताह) के प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। प्रशिक्षण केन्द्रों एवं ट्रेडवार निर्धारित सीटों की संख्या निम्नवत है:–

| क्रम सं0 | प्रशिक्षण संस्थान का नाम एवं पता | ट्रेड | प्रत्येक बैच में प्रशिक्षुओं की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | पर्यवेक्षक प्रशिक्षण केन्द्र, समस्तीपुर | फीटर | 30 |
| 2 | बेसिक प्रशिक्षण केन्द्र, कैरिज रिपेयर वर्कशॉप, हरनौत, नालंदा | वेल्डर | 30 |
| | | मशीनिस्ट | 30 |
| 3 | इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन प्रशिक्षण केन्द्र, गया कॉलोनी, दीन दयाल उपाध्याय, जिला–चंदौली (यूपी) | इलेक्ट्रीशियन | 30 |
| 4 | सिग्नल एवं दूर संचार प्रशिक्षण केन्द्र, नेउरा कॉलोनी, रोड नं0–15, दानापुर | इलेक्ट्रॉनिक्स एवं इंस्ट्रुमेंटेशन | 30 |

इस प्रशिक्षण हेतु उपरोक्त ट्रेड में ITI प्रमाण पत्र धारक होना अनिवार्य नहीं है। **<u>प्रशिक्षण बिल्कुल निःशुल्क है</u>**, परन्तु प्रशिक्षणार्थियों को अपने रहने , खाने–पीने , आवागमन आदि की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।

**अर्हता– हाई स्कूल उत्तीर्ण**

**उम्र–18 से 35 वर्ष**

**आवेदन हेतु पोर्टल खुलने की तिथिः– 07.01.2024** (00:00 hrs)

**पोर्टल बंद होने की तिथिः– 20.01.2024** (23:59 hrs)

प्रशिक्षण हेतु आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी प्रशिक्षण हेतु आवेदन एवं विस्तृत जानकारी / शर्तो के लिए वेबसाईट WWW.railkvy.indianrailways.gov.in का अवलोकन करें। ऑफलाइन माध्यम से कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

04/1/2024

(प्रभात कुमार)
सहायक कार्मिक अधिकारी (एम.पी.पी.)
पूर्व मध्य रेल, हाजीपुर